* निर्देशानुसार ' उपसर्ग ' पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों में से उचित विकल्प चयन कर लिखिए : [4]

1. चौकड़ी

**जवाब :** चौकड़ी उपसर्ग-चौ, मूल शब्द-कड़ी

2. प्रताप

**जवाब :** प्रताप उपसर्ग-प्र, मूल शब्द-ताप

3. सवार

**जवाब :** सवार उपसर्ग-स, मूल शब्द-वार

4. बादल

**जवाब :** बादल उपसर्ग-बा, मूल शब्द-दल

* शब्दों के विलोम शब्द लिखिए: [5]

5. तनिक× ____________

**जवाब :** ज्यादा

6. गिरना× ____________

**जवाब :** उठना

7. निर्भीक× ____________

**जवाब :** भीरु

8. सरपट× ____________

**जवाब :** धीरे -धीरे

9. बैरी× ____________

**जवाब :** मित्र

* MCQ [14]

10. चेतक किसका घोड़ा था?

(A) शिवाजी (B) महाराणा प्रताप (C) अकबर (D) राणा सांगा

**जवाब :** (B) महाराणा प्रताप

11. कविता में चेतक की चाल की तुलना किससे की गई है?

(A) बादल से (B) बिजली से (C) हवा से (D) आग से

**जवाब :** (C) हवा से

12. रणभूमि में चेतक का कोड़ा राणा प्रताप के द्वारा कितनी बार लगा?

(A) बार-बार (B) एक बार (C) कभी नहीं (D) केवल युद्ध के अंत में

**जवाब :** (C) कभी नहीं

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

13. चेतक किस पर दौड़ रहा था?

(A) अरि-मस्तक पर (B) भूमि पर (C) पर्वत पर (D) नदी पर

**जवाब:** (A) अरि-मस्तक पर

14. कविता में चेतक का सबसे बड़ा कौशल किसमें दिखाया गया है?

(A) छलांग में (B) चालों में (C) युंद्ध में (D) उड़ान में

**जवाब :** (B) चालों में

15. चेतक का व्यवहार किस प्रकार के बादल के समान था?

(A) शीतल बादल (B) वर्षा बादल

(C) विकराल बज्र-मय बादल (D) सफेद बादल

**जवाब :** (C) विकराल बज्र-मय बादल

16. चेतक की चाल के समय बैरी-समाज की क्या प्रतिक्रिया थी?

(A) वे खुश थे (B) वे स्तबध थे (C) वे हँस रहे चे (D) वे सो रहे थे

**जवाब :** (B) वे स्तबध थे

17. चेतक की टापों से क्या हुआ?

(A) युद्धरूमि हिल गई (B) अंग खन गया (C) पर्वत टूट गया (D) पानी बहने लगा

**जवाब :** (B) अंग खन गया

18. चेतक की गति की किससे तुलना की गई है?

(A) हवा के वेग से (B) समुद्र की लहर से (C) बहती नदी से (D) पर्वत की ऊँचाई से

**जवाब :** (C) बहती नदी से

19. 'जो देखकर भी नहीं देखते' पाठ के लेखक कौन हैं?

(A) प्रेमचंद (B) सुंदरा स्वामी (C) जया विवेक (D) हेलेन केलर

**जवाब :** (D) हेलेन केलर

20. हेलेन केलर प्रकृति की चीजों को किस प्रकार पहचानती हैं ?

(A) देखकर (B) सूंघकर

(C) छूकर (D) दूसरों से उसका वर्णन सुनकर

**जवाब :** (C) छूकर

21. लेखिका को किसमें आनंद मिलता है?

(A) लोगों से बात करने में

(B) प्रकृति को निहारने में

(C) फूलों की पंखुड़ियों को छूने और उसकी घुमावदार बनावट को महसूस करने में

**जवाब :** (C) फूलों की पंखुड़ियों को छूने और उसकी घुमावदार बनावट को महसूस करने में

22. लेखिका किसके स्वर पर मंत्रमुग्ध हो जाती है?

(A) कोयल के (B) मैना के (C) मोर के (D) चिड़िया के

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**जवाब :** (D) चिड़िया के

23. इनमें किस पेड़ की छाल चिकनी होती है?

(A) चीड़ (B) भोज-पत्र (C) पीपल (D) बरगद

**जवाब :** (B) भोज-पत्र

*** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** **[4]**

24. राजा प्रताप का ____________ चेतक के तन पर कभी नहीं गिरता था।

**जवाब :** कोड़ा

25. चेतक अपनी ____________ के सामान्य घोड़ों से अलग प्रतीक होता है।

**जवाब :** वफादार, प्रशिक्षित

26. चेतक ____________ और ____________ था।

**जवाब :** चौकड़ी

27. वह ____________ के बीच निर्भीकता से आगे बढ़ता था।

**जवाब :** ढालों

*** नीचे दिए गए कथनों में से सत्य या असत्य कथन की पहचान कीजिए।** **[5]**

28. राजा प्रताप का घोड़ा बहुत घीमा दौड़ता था।

**जवाब :** असत्य

29. चेतक के टापों की आवाज भयानक थी।

**जवाब :** सत्य

30. चेतक की शक्ति बादल के समान विकराल है।

**जवाब :** सत्य

31. चेतक महाराणा प्रताप की बातों को नजरअंदाज करता है।

**जवाब :** असत्य

32. चेतक की रणभूमि में अनोखी चाल होती है।

**जवाब :** सत्य

*** प्रश्नों के उत्तर सक्षिप्त रूप में लिखो (3 Mark)** **[3]**

33. 'चेतक की वीरता' कविता का मूलभाव अपने शब्दों में लिखिए।

**जवाब :** कवि श्यामनारायण पाण्डेय हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक की वीरता का वर्णन करते हुए कहते हैं कि युद्ध के मैदान में चेतक हवा से भी तेज दौड़कर दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहा है। शत्रु परेशान हैं। महाराणा प्रताप के इशारे पाते ही वह तुरंत हवा से बातें करने के समान तेज दौड़ लगाता है। चेतक शत्रु के मस्तक पर चोट करते हुए आकाश पर पैर रखने के समान दौड़ लगाता है। चेतक इतना निडर है कि भाला चले या तलवार कहीं भी जाने से वह डरता नहीं। दुश्मनों के बीच घुसकर भीड़ को रौंदते हुए वह आगे बढ़ जाता था ।

चेतक ऐसा फुर्तीला घोड़ा था जो अभी यहाँ है तो अभी वहाँ। देखते-ही-देखते वह एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँच जाता है। युद्ध के मैदान में ऐसी कोई जगह नहीं बची थी, जहाँ चेतक न पहुँचा हो ।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ( 2 Mark )** **[22]**

34. चेतक को देख दुश्मन क्यों दंग रह गए ?

**जवाब :** चेतक को देख दुश्मन दंग रह गए क्योंकि वह एक अद्भुत घोड़ा था। वह अपने तेज दौड़ने, वीरता और स्वामिभक्ति के लिए जाना जाता था। साथ ही वह अपने पैरों से दुश्मनों को कुचल रहा था।

35. महाराणा प्रताप के प्रति चेतक की स्वामिभक्ति किस बात में सबसे अधिक दिखाई देती है?

**जवाब :** युद्ध में बुरी तरह घायल होने पर भी महाराणा प्रताप को सुरक्षित रणभूमि से निकालना चेतक की महाराणा प्रताप के प्रति उसकी स्वामिभक्ति को दर्शाता है। घायल होकर भी वह महाराणा प्रताप के प्रति अपनी निष्ठा और कर्तव्य को नहीं भूलता है और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुँचाकर ही रुकता है।

36. 'चेतक की वीरता' में कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

**जवाब :** 'चेतक की वीरता' में कवि यह संदेश देना चाहते हैं कि अपनी सूझ-बूझ से विकट परिस्थियों में भी रास्ता खोज निकालना चाहिए। ऐसे माना जाता है कि चेतक बहुत समझदार घोड़ा था। जब हल्दी घाटी का युद्ध हुआ था उस वक्त वह बड़ी वीरता से मुगल सेना के चंगुल से महाराणा प्रताप को बचाकर लाया था और उनके प्राणों की रक्षा की।

37. चेतक ने शत्रुओं का सामना कैसे किया?

**जवाब :** चेतक अपने निर्भीकता तथा वीरता का परिचय देते हुए दुश्मनों पर आक्रमण कर देता था । दुश्मनों के बीच घुसकर भीड़ को रौंदते हुए आगे बढ़ जाता था । चेतक हवा से भी तेज दौड़कर दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहा था ।

38. कविता की किस पंक्ति से पता चलता है कि चेतक बहुत फुर्तीला था ?

**जवाब :** " है यहीं रहा, अब यहाँ नहीं; वह वहीं रहा है वहाँ नहीं ।" प्रस्तुत पंक्ति से चेतक के बहुत फुर्तीले होने का पता चलता है।

39. चेतक की 'नद-सा' क्यों कहा गया है?

**जवाब :** जिस प्रकार बड़ी नदी अपनी वेग में सब कुछ बहाकर ले जाती है उसी प्रकार चेतक जिधर जाता है उधर दुश्मन साफ हो जाते हैं। इसलिए चेतक को 'नद-सा' कहा गया है।

40. चेतक की वीरता से हमें क्या सीख मिलती है ?

**जवाब :** चेतक की वीरता से हमें यह शिक्षा मिलती है कि यदि हम किसी के मुश्किल समय में किसी का साथ देते हैं तो मार्ग में आने वाली मुश्किलों से घबराना नहीं चाहिए । ईमानदारी के साथ सहायक बनना चाहिए । विपदा के समय अपने कदम पीछे नहीं हटाने चाहिए जैसे चेतक ने अंत समय तक राणा प्रताप का साथ दिया।

41. क्या यह संभव है कि भला कोई जंगल में घंटाभर घूमे और फिर भी कोई विशेष चीज़ न देखे मुझे जिसे कुछ भी दिखाई नहीं देता-सैकड़ों रोचक चीज़ मिलती हैं, जिन्हें मैं छूकर पहचान लेती हूँ। मैं भोज-पत्र के पेड़ की चिकनी छाल और चीड़ की खुरदरी छाल को स्पर्श से पहचान लेती हूँ। वसंत के दौरान मैं टहनियों में नई कलियाँ खोजती हूँ। मुझे फूलों की पंखुड़ियों की मखमली सतह छूने और उनकी घुमावदार बनावट महसूस करने में अपार आनंद मिलता है। इस दौरान मुझे प्रकृति के जादू का कुछ अहसास होता है। कभी, जब मैं खुशनसीब होती हूँ, तो टहनी पर हाथ रखते ही किसी चिड़िया के मधुर स्वर कानों में गूंजने लगते हैं। अपनी अंगुलियों के बीच झरने के पानी को बहते हुए महसूस कर मैं आनंदित हो उठती हूँ।

**QUESTION:**

Q.1. लेखिका चीज़ों को कैसे पहचान लेती है।

(A) देखकर (B) सुनकर (C) छूकर (D) सूंघकर



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

Q.2. भोज-पत्र की छाल कैसी होती है?

(A) खुरदरी (B) सख्त (C) टेढ़ी-मेढ़ी (D) चिकनी

**जवाब :** 1. (C) छूकर

2. (D) चिकनी

42. कभी-कभी मेरा दिल इन सब चीज़ों को देखने के लिए मचल उठता है। अगर मुझे इन चीजों को सिर्फ छूने भर से इतनी खुशी मिलती है, तो उनकी सुंदरता देखकर तो मेरा मन मुग्ध ही हो जाएगा परंतु, जिन लोगों की आँखें हैं, सचमुच बहुत कम देखते हैं। इस दुनिया के अलग-अलग सुंदर रंग उनकी संवेदना को नहीं छूते। मनुष्य अपनी क्षमताओं की कभी कदर नहीं करता। वह हमेशा उस चीज़ की आस लगाए रहता है जो उसके पास नहीं है।

**QUESTION:**

Q.1. लेखिका को किस काम में खुशी मिलती है?

(A) चीज़ों को देखकर (B) प्राकृतिक चीज़ों को छूने में (C) लोगों से बातें करके (D) अन्य कार्यों में

Q.2. आँखों वाले लोग बहुत कम क्यों देखते हैं?

(A) क्योंकि वे देखकर भी नहीं देखते।

(B) उन्हें दिखाई नहीं देता।

(C) वे अपने को सर्वज्ञ समझते हैं।

(D) ये अंतर्यामी नहीं हैं।

**जवाब :** 1. (A) चीज़ों को देखकर

2. (A) क्योंकि वे देखकर भी नहीं देखते।

43. कभी-कभी मैं अपने मित्रों की परीक्षा लेती हूँ, यह परखने के लिए कि वह क्या देखते हैं। हाल ही में मेरी एक प्रिय मित्र जंगल की सैर करने के बाद वापस लौटीं। मैंने उनसे पूछा, "आपने क्या-क्या देखा"
"कुछ खास तो नहीं," उनका जवाब था। मुझे बहुत अचरज नहीं हुआ क्योंकि मैं अब इस तरह के उत्तरों की आदी हो चुकी हूँ। मेरा विश्वास है कि जिन लोगों की आँखें होती हैं, वे बहुत कम देखते हैं।

**QUESTION:**

Q.1. लेखिका अपने मित्रों की परीक्षा क्यों लेती है?

Q.2. मित्रों के किस जवाब में उसे क्यों आश्चर्य नहीं होता?

**जवाब :** 1. लेखिका यह जानने के लिए अपने मित्रों की परीक्षा लेती है कि उसके मित्र किसी विशेष स्थान पर जाकर क्या देखते हैं ?

2. जब मित्रों से पूछने पर जवाब मिलता है कि उन्होंने ऐसी चीज़ नहीं देखी जो विशेष हो। लेखिका को प्रायः इसी प्रकार के उत्तर सुनने को मिलते हैं, वह ऐसे उत्तर सुनने की आदी हो चुकी है। इसलिए उसे ऐसे उत्तरों से कोई आश्चर्य नहीं होता।

44. क्या संभव है कि भला कोई जंगल में घंटाभर घूमे और फिर भी कोई विशेष चीज़ न देखे? मुझे-जिसे कुछ भी दिखाई नहीं देता-सैकड़ों रोचक चीज़े मिलती हैं, जिन्हें मैं छूकर पहचान लेती हूँ। मैं भोज-पत्र के पेड़ की चिकनी छाल और चीड़ की खुरदरी छाल को स्पर्श से पहचान लेती हूँ। वसंत के दौरान मैं टहनियों में नई कलियाँ खोजती हूँ। मुझे फूलों की पंखुड़ियों की मखमली सतह छूने और उनकी घुमावदार बनावट महसूस करने में अपार आनंद मिलता है। इस दौरान मुझे प्रकृति के जादू का कुछ अहसास होता है।

**QUESTION:**

Q.1. पाठ और लेखिका का नाम लिखिए।

Q.2. लेखिका किसे स्पर्श से पहचान लेती है?

**जवाब :** 1. पाठ का नाम-जो देखकर भी नहीं देखते, लेखिका-हेलेन केलर।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

2. लेखिका भोजपत्र के चिकनी छाल और चीड़ की खुरदरी छाल को स्पर्श से पहचान लेती है।

*** प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए (1 Mark)** [9]

45. चेतक किस तरह की चाल से निराला दिखाई पड़ता था ?

**जवाब :** अपनी चौकड़ी-सी चाल से चेतक निराला दिखाई पड़ता था।

46. चेतक को कोड़े नहीं लगाने पड़ते थे, क्यों?

**जवाब :** चेतक को कोड़े नहीं लगाने पड़ते थे, क्योंकि वह महाराणा प्रताप के मात्र इशारे से ही समझ जाता था।

47. चेतक कौन था?

**जवाब :** महाराणा प्रताप के सबसे प्रिय और प्रसिद्ध घोड़े का नाम चेतक था।

48. चेतक किसके इशारे पर मुड़ जाता था ?

**जवाब :** चेतक महाराणा प्रताप के इशारे पर मुड़ जाता था।

49. चेतक की टापों का दुश्मन पर क्या असर होता था ?

**जवाब :** चेतक की टापों से दुश्मन भयभीत हो जाता था ।

50. चेतक शत्रु की सेना पर किस प्रकार टूट पड़ता था ?

**जवाब :** चेतक शत्रु की सेना पर वज्र की भाँति टूट पड़ता था।

51. 'चेतक की वीरता' कविता के कवि कौन हैं?

**जवाब :** 'चेतक की वीरता' कविता के कवि श्यामनारायण पाण्डेय हैं।

52. 'अरि मस्तक' से क्या अभिप्राय है?

**जवाब :** 'अरि-मस्तक' से अभिप्राय है – दुश्मन का माथा।

53. कवि ने चेतक की गति की तुलना किससे की है?

**जवाब :** कवि ने चेतक की गति की तुलना हवा से की है।

*** पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए :** [55]

54. रण – बीच चौकड़ी भर-भरकर
चेतक बन गया निराला था।
राणा प्रताप के घोड़े से
पड़ गया हवा को पाला था।

प्रश्न 1.काव्यांश में किसकी वीरता का वर्णन है?
(क) चेतक की
(ख) राणा प्रताप की
(ग) कवि की
(घ) हवा की

प्रश्न 2.चेतक युद्ध के मैदान में क्या भरकर अपनी वीरता को दिखाता है ?
(क) पानी भरकर
(ख) चौकड़ी भरकर



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(ग) दौड़कर
(घ) सोकर

प्रश्न 3.चेतक की चलने की गति थी-
(क) मंद
(ख) सुस्त
(ग) तीव्र
(घ) धीरे-धीरे

प्रश्न 4.चेतक की चलने की गति ऐसी थी मानो ................
(क) हवा में बातें कर रहा हो
(ख) राणा प्रताप से बातें कर रहा हो ।
(ग) नदी से बातें कर रहा हो
(घ) धरती से बातें कर रहा हो

प्रश्न 5.'चौकड़ी' का क्या अर्थ है?
(क) कूदना
(ख) छलांग
(ग) बैठना
(घ) खड़ा होना

**जवाब :** 1.(क) चेतक की
2.(ख) चौकड़ी भरकर
3.(ग) तीव्र
4.(क) हवा में बातें कर रहा हो
5.(ख) छलांग

55. गिरता न कभी चेतक तन पर
राणा प्रताप का कोड़ा था।
वह दौड़ रहा अरि-मस्तक पर
या आसमान का घोड़ा था ।

प्रश्न 1.किसका कोड़ा चेतक के तन पर नहीं गिरता था ?
(क) राणा प्रताप का
(ख) चेतक का
(ग) कवि का
(घ) हवा का

प्रश्न 2.चेतक कैसा था ?
(क) नासमझ
(ख) समझदार
(ग) सुस्त


Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(घ) मंदबुद्धि

प्रश्न 3.चेतक शत्रुओं के किस पर आक्रमण करता था ?
(क) पैर पर
(ख) पेट पर
(ग) मस्तक पर
(घ) धर पर

प्रश्न 4.चेतक शत्रुओं के सिर पर प्रहार करता था-
(क) तेजी से
(ख) धीरे-धीरे
(ग) अचानक
(घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 5.'अरि' का अर्थ है-
(क) मित्र
(ख) शत्रु
(ग) नाग
(घ) राजा

**जवाब :** 1.(क) राणा प्रताप का
2.(ख) समझदार
3.(ग) मस्तक पर
4.(क) तेजी से
5.(ख) शत्रु

56. जो तनिक हवा से बाग हिली
लेकर सवार उड़ जाता था।
राणा की पुतली फिरी नहीं
तब तक चेतक मुड़ जाता था ।

प्रश्न 1.सवार लेकर कौन उड़ जाता था ?
(क) चेतक
(ख) राणा प्रताप
(ग) कवि
(घ) सभी

प्रश्न 2.चेतक किसकी हर प्रतिक्रिया को भली-भाँति समझ जाता था ?
(क) शत्रु की
(ख) राणा प्रताप की
(ग) हाथी की
(घ) तलवार की


Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

प्रश्न 3.आँखों की पुतली घूमने से पूर्व कौन मुड़ जाता था ? |
(क) शत्रु
(ख) राणा प्रताप
(ग) चेतक
(घ) हाथी

प्रश्न 4.चेतक किसको लेकर तीव्र गति से उड़ जाता था ?
(क) शत्रु को
(ख) कवि को
(ग) पानी को
(घ) राणा प्रताप को

प्रश्न 5.काव्यांश में 'लगाम' का पर्यायवाची शब्द प्रयुक्त है-
(क) बाग
(ख) रस्सी
(ग) तनिक
(घ) हिली

**जवाब :** 1.(क) चेतक
2.(ख) राणा प्रताप की
3.(ग) चेतक
4.(घ) राणा प्रताप को
5.(क) बाग

57. कौशल दिखलाया चालों में
उड़ गया भयानक भालों में।
निर्भीक गया वह ढालों में
सरपट दौड़ा करवालों में।

प्रश्न 1.किसने अपनी कौशलता और वीरता का परिचय दिया?
(क) चेतक
(ख) राणा प्रताप
(ग) कवि
(घ) शत्रु

प्रश्न 2.चेतक ने अपनी कौशलता और वीरता किसके द्वारा दिखायी ?
(क) हाल द्वारा
(ख) चाल के द्वारा
(ग) भय के द्वारा
(घ) ढाल के द्वारा

प्रश्न 3.चेतक की वीरता का स्मारक था-


Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(क) निडर होकर अपने शत्रुओं पर आक्रमण करना
(ख) तेज दौड़ना
(ग) शत्रु पर आक्रमण न करना
(घ) डरकर

प्रश्न 4.भालों और तलवारों से सुसज्जित शत्रुओं के बीच में जाकर शत्रुओं पर कौन प्रहार करता था ?
(क) राणा प्रताप
(ख) चेतक
(ग) शत्रु
(घ) कवि

प्रश्न 5.'सरपट' का क्या अर्थ है ?
(क) बहुत तेज गति से
(ख) दौड़कर
(ग) धीरे-धीरे
(घ) इनमें से कोई नहीं

**जवाब :** 1.(क) चेतक
2.(ख) चाल के द्वारा
3.(क) निडर होकर अपने शत्रुओं पर आक्रमण करना
4.(ख) चेतक
5.(क) बहुत तेज गति से

58. है यहीं रहा, अब यहाँ नहीं
वह वहीं रहा है वहाँ नहीं ।
थी जगह न कोई जहाँ नहीं
किस अरि- मस्तक पर कहाँ नहीं।

प्रश्न 1.'अरि' का अर्थ है-
(क) शत्रु
(ग) साँप
(ख) मित्र
(घ) नेवला

प्रश्न 2.चेतक ने युद्ध के किन स्थलों पर अपना परचम लहराया?
(क) बीच में
(ख) एक किनारे
(ग) सभी स्थलों पर
(घ) केवल तंबू पर

प्रश्न 3.एक स्थान से दूसरे स्थान पर कौन चला जाता था ?
(क) शत्रु
(ख) चेतक

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(ग) राणा प्रताप
(घ) कवि

प्रश्न 4.वीरता का परचम लहराया-
(क) शत्रुओं ने
(ख) राणा प्रताप ने
(ग) कवि ने
(घ) चेतक ने

प्रश्न 5.काव्यांश में 'सिर' का पर्यायवाची शब्द प्रयुक्त हुआ है-
(क) अरि
(ख) मस्तक
(ग) यहीं
(घ) वहीं

**जवाब :** 1.(क) शत्रु
2.(ख) एक किनारे
3.(ख) चेतक
4.(घ) चेतक ने
5.(ख) मस्तक

59. बढ़ते नद-सा वह लहर गया
वह गया गया फिर ठहर गया।
विकराल बज्र मय बादल-सा
अरि की सेना पर घहर गया।

प्रश्न 1.कौन नदी की लहरों की भाँति आगे बढ़ता गया ?
(क) चेतक
(ख) शत्रु
(ग) राणा प्रताप
(घ) कवि

प्रश्न 2.कुछ क्षण के लिए कौन रुक जाता था ?
(क) शत्रु
(ख) राणा प्रताप
(ग) चेतक
(घ) कवि

प्रश्न 3.चेतक किसकी चमक की तरह शत्रुओं पर प्रहार करता था ?
(क) बिजली की
(ख) पानी की
(ग) हवा की
(घ) नदी की

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

प्रश्न 4.चेतक किसका रूप धारण करके अपने दुश्मनों पर प्रहार करता था?
(क) नदी का
(ख) आग का
(ग) बादल का
(घ) अरि का

प्रश्न 5.चेतक किसकी लहरों की भाँति आगे बढ़ता गया ?
(क) नदी की
(ख) हवा की
(ग) पानी की
(घ) तूफ़ान की

**जवाब :** 1.(क) चेतक
2.(ग) चेतक
3.(क) बिजली की
4.(ग) बादल का
5.(क) नदी की

60. भाला गिर गया, गिरा निषंग,
हय टापों से खन गया अंग ।
वैरी – समाज रह गया दंग
घोड़े का ऐसा देख रंग ।

प्रश्न 1.किसकी टापों से दुश्मन पूरी तरह से घायल हो गए?
(क) घोड़े की
(ख) हाथी की
(ग) बैल की
(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 2.भाले और तरकस कहाँ पड़े थे?
(क) नदी में
(ख) जमीन पर..
(ग) घर में
(घ) तंबू में

प्रश्न 3.वैरी दल का अर्थ है-
(क) दुश्मन का खेमा
(ख) बेर का दल
(ग) कमल पुँज
(घ) दाल

प्रश्न 4.चेतक की वीरता का पराक्रम देखकर कौन दंग रह गए?

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(क) वैरी दल
(ख) मित्र दल
(ग) नदी
(घ) राणा प्रताप

प्रश्न 5.काव्यांश में 'घोटक' का पर्यायवाची शब्द प्रयुक्त है-
(क) वैरी
(ख) हय
(ग) रंग
(घ) दंग

**जवाब :** 1.(क) घोड़े की
2.(ख) जमीन पर..
3.(क) दुश्मन का खेमा
4.(क) वैरी दल
5.(ख) हय

61. गिरता न कभी चेतक-तन पर राणा प्रताप का कोड़ा था। वह दौड़ रहा अरि-मस्तक पर या आसमान पर घोड़ा था।

**QUESTION:**

Q.1. चेतक घोड़ा होने के साथ ही महाराणा प्रताप का क्या था?
(A) पशु (B) साथी (C) शत्रु (D) ये सभी
Q.2. चेतक किसके आदेशों का पालन करता था?
(A) विपक्षी दल के (B) हवा के (C) महाराणा प्रताप के (D) नदी के
Q.3. चेतक कहाँ अद्वितीय हो गया?
(A) जंगल में (B) रणभूमि में (C) राजमहल में (D) सड़कों पर
Q.4. चेतक के शरीर पर महाराणा प्रताप का कोड़ा क्यों नहीं गिरता था?
Q.5. चेतक रणभूमि में किस प्रकार का प्रदर्शन कर रहा था?

**जवाब :** 1. (B) साथी
2. (D) महाराणा प्रताप के
3. (B) रणभूमि में
4. चेतक इतना वफादार और प्रशिक्षित था कि उसे कोड़ा मारने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी। वह बिना कोड़े के ही महाराणा प्रताप की इच्छाओं का पालन करता था।
5. चेतक रणभूमि में अरि (शत्रु) के मस्तक पर दौड़ रहा था और उसकी गति इतनी तेज़ थी कि उसे आसमान में दौडते हुए घोड़े के रूप में देखा गया।

62. जो तनिक हवा से बाग हिली लेकर सवार उड़ जाता था। राणा की पुतली फिरी नहीं तब तक चेतक मुड़ जाता था।

**QUESTION:**

Q.1. हवा से जब बाग हिलती थी, चेतक किसके साथ उड़ जाता था?
(A) शत्रु के साथ (B) महाराणा प्रताप के साथ (C) अकेला (D) अकबर के साथ
Q.2. चेतक किसकी पुतली फिरने से पहले ही मुड़ जाता था?
(A) शत्रु की (B) अपनी (C) महाराणा प्रताप की (D) अकबर की
Q.3. अरि' शब्द का अर्थ है

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(A) मित्र (B) शत्रु (C) सहपाठी (D) साथी

Q.4. चेतक महाराणा प्रताप की किस बात को पूर्व ही समझ लेता था?

Q.5. चेतक किस समय मुड़ जाता था?

**जवाब :** 1. (B) महाराणा प्रताप के साथ

2. (C) महाराणा प्रताप की

3. (D) शत्रु

4. चेतक महाराणा प्रताप की प्रत्येक इच्छा को पूर्व ही समझ लेता था।

5. चेतक महाराणा प्रताप की पुतली फिरने से पहले ही मुड़ जाता था।

63. बढ़ते नद-सा वह लहर गया
वह गया गया फिर ठहर गया।
विकराल बख्र-मय बादल-सा
अरि की सेना पर घहर गया।

**QUESTION;**

Q.1. चेतक लहरों की तरह बढ़कर क्या करता है?

(A) अचानक रुकता है (B) ठहर जाता है (C) 'क' और 'ख' दोनों (D) टूट पड़ता है

Q.2. कथन (A) चेतक विशाल शक्तिशाली भयंकर बादलों के समान है। कारण (R) वह बिजली की तरह टूट पड़ता है। कूट

(A) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है, कितु कारण (R) सही है।

Q.3. काव्यांश के अनुसार, चेतक की सजगता का आभास किससे होता है?

(A) पानी के समान बहने से

(B) हवा की तुलना करने से

(C) बाघ के आ जाने से

(D) बाग की पत्तियों के जरा-से भी हिलने से

Q.4. चेतक से कौन भयभीत हो जाता था?

Q.5. चेतक की उपस्थिति शत्रु सेना पर कैसी प्रतीत हुई?

**जवाब :** 1. (C) 'क' और 'ख' दोनों

2. (A) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही़ व्याख्या करता है।

3. (D) वाग की पत्तियों के जरा-से भी हिलने से

4. चेतक से शत्रु सेना भयभीत हो जाती थी।

5. चेतक की उपस्थिति शत्र्रु सेना पर विकराल बत्र-मय बादल की तरह प्रतौत हुई।

64. बढ़ते नद-सा वह लहर गया
वह गया गया फिर ठहर गया।
विकराल बख्र-मय बादल-सा
अरि की सेना पर घहर गया।

**QUESTION:**

Q.1. चेतक लहरों की तरह बढ़कर क्या करता है?

(A) अचानक रुकता है (B) ठहर जाता है (C) 'क' और 'ख' दोनों (D) टूट पड़ता है

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

Q.2. कथन (A) चेतक विशाल शक्तिशाली भयंकर बादलों के समान है।
कारण (R) वह बिजली की तरह टूट पड़ता है। कूट
(A) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(C) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।
(D) कथन (A) गलत है, कितु कारण (R) सही है।
Q.3. चेतक की गति और ताकत का वर्णन किससे किया गया है?
(A) समुद्र की लहर से (B) तूफान से (C) विकराल बादल से (D) नदी से
Q.4. चेतक से कौन भयभीत हो जाता था?
Q.5. चेतक की उपस्थिति शत्रु सेना पर कैसी प्रतीत हुई?

**जवाब :** 1. (C) 'क' और 'ख' दोनों
2. (A) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही़ व्याख्या करता है।
3. (D) विकराल बादल से
4. चेतक से शत्रु सेना भयभीत हो जाती थी।
5. चेतक की उपस्थिति शत्रु सेना पर विकराल बत्र-मय बादल की तरह प्रतौत हुई।

*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए (4 Mark)** **[4]**

65. कविता में चेतक की वीरता के बारे में बहुत-सी बातें बताई गई हैं। इनमें से कोई सी चार बातें लिखिए जो आपको बहुत पसंद आई हों।

**जवाब :** कविता में चेतक की वीरता के बारे में कई बातें बताई गई हैं, जिनमें कुछ चार बातें निम्नलिखित हैं, जो मुझे पसंद आई हैं-

(क) स्वतंत्रता का आग्रह 'चेतक की वीरता ' कविता में उसकी स्वतंत्रता के प्रति उनका अथक आग्रह और संघर्ष का जिक्र होता है। वह अपनी आज़ादी के लिए किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना करने को तैयार हैं, जो मुझे प्रेरित करता है।

(ख) साहसी भावना – चेतक की भावना की अभिव्यक्ति में साहस और निर्भीकता की भावना होती है। वह अपने मालिक के खिलाफ़ उठने वाले हर कदम को बिना किसी डर या हिचकिचाहट के तोड़ फेंकता है।

(ग) प्रकृति से मिलने वाला साथ 'चेतक की वीरता' कविता में प्रकृति के साथ उसका गहरा संबंध और संवाद होता है। वह अपनी माँ के साथ प्रकृति के आलोचनात्मक बातचीत करता है और उसके द्वारा सीखता है।

(घ) विश्वास और समर्पण 'चेतक की वीरता' कविता में विश्वास और समर्पण की भावना होती है। वह अपने मालिक के प्रति अपना जीवन समर्पित कर देता है। और उसके साथ नि:स्वार्थ रूप से बदल जाता है।

----- -----

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in